बिहार में विराट रामायण मंदिर का निर्माण प्रारंभ

चर्चा में क्यों?

3 मई, 2022 को अक्षय तृतीया के अवसर पर पूर्वी चंपारण के केसरिया प्रखंड स्थित कैथवलिया में आचार्य किशोर कुणाल द्वारा विराट मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

प्रमुख बिंदु

- टावर ऑफ टैंपल्स की परिकल्पना के आधार पर विराट रामायण मंदिर का निर्माण किया जाएगा। इसमें 15 शिखर होंगे, जिसमें सबसे ऊँचा शिखर 270 फुट ऊँचा होगा।
- मंदिर के आगे शिविलिंग स्थापित होगा। उसके पीछे भगवान राम की पूजा करने की मुद्रा वाली मूर्ति तथा दाहिनी ओर हनुमानजी की झुकी हुई मुद्रा में मूर्ति स्थापित की जाएगी।
- इन मूर्तियों के सामने 200 फीट की दूरी पर अशोक वाटिका जैसा माता सीता का मंदिर निर्मित होगा।
- गौरतलब है कि मंदिर का भूमिपूजन 21 जून, 2012 को किया गया था। यहाँ विश्व का सबसे बड़ा शिविलिंग स्थापित होगा, जिसका निर्माण कन्याकुमारी के ब्लैक ग्रेनाइट से किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/construction-of-virat-ramayana-temple-started-in-bihar